भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
Serving the nation since 1911

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

रिक्ति - परिपत्र

आईसीएमआर, संदर्भ सं. 6-2(13)/2022-स्था.

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है जो प्रतिनियुक्ति के आधार पर निम्नलिखित रिक्तियों (प्रत्याशित रिक्तियों सहित) को भरने के लिए केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/पीएसयू के पात्र कर्मचारियों से **28.02.2023** तक आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है। यह प्रतिनियुक्ति परिषद मुख्यालय / परिषद के संस्थान/नों के लिए प्रारंभ में तीन वर्षों के लिए होगी, तत्पश्चात अगले दो वर्षों के लिए वार्षिक आधार पर नवीकरण किया जा सकता है। सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से प्रशासनिक आवश्यकता/कारणों के कारण रिक्तियों में परिवर्तन हो सकता है :-

क्रम. सं.	पदनाम और पे लेवल	रिक्तियों की संख्या	संस्थान/नों के नाम	पोस्ट कोड
1.	लेखा अधिकारी लेवल-10 (56100-177500 रुपये)	02	परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली	ए 1
		01	आईसीएमआर - राष्ट्रीय जालमा कुष्ठ और अन्य माइकोबैक्टीरियल रोग संस्थान, आगरा	ए 2
		01	राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य संस्थान, अहमदाबाद	ए 3
		01	राष्ट्रीय रोग सूचना विज्ञान एवं अनुसंधान केन्द्र, बैंगलौर राष्ट्रीय पारंपरिक चिकित्सा विज्ञान संस्थान, बेलगांवी	ए 4
		01	राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान सांख्यिकी संस्थान, नई दिल्ली राष्ट्रीय विकृति विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली	ए 5
		01	राष्ट्रीय जैवचिकित्सा अनुसंधान पशुसंसाधन सुविधा केन्द्र (एनएआरएफबीआर), हैदराबाद	ए 6
		01	राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद	ए 7
		01	रोग नियंत्रण अनुसंधान केन्द्र, पुडूचेरी	ए 8
		01	राष्ट्रीय जनजाति स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, जबलपुर	ए 9
		01	राष्ट्रीय प्रजनन स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान, मुंबई	ए 10
		01	राष्ट्रीय जानपदिक रोग विज्ञान संस्थान, चेन्नई	ए 11
2.	लेखा अधिकारी (कनिष्ठ ग्रेड) लेवल-7 (44900-142400 रुपये)	01	क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान केन्द्र गोरखपुर	बी 1
कुल		12 (लेखा अधिकारी) + 01 (कनिष्ठ लेखा अधिकारी)		

नोट-1: पदाधिकारियों की अधिवार्षिता के कारण वर्ष 2023 की रिक्तयों की भर्ती सहित प्रत्याशित रिक्तियां भी शामिल है। अतः रिक्तयों की स्थिति स्पष्ट हो जाने पर प्रस्ताव दिया जाएगा।

क. लेखा अधिकारी के पद हेतु पात्रता शर्तें :

(i) केंद्र सरकार / राज्य सरकार / स्वायत्त निकाय / पीएसयू से अधिकारीगण

(ii) केंद्र सरकार / राज्य सरकार / स्वायत्त निकाय / पीएसयू में लेवल 8 में समकक्ष पदधारी या अनुभाग अधिकारी के रूप में चार वर्ष की नियमित सेवा अथवा लेवल-7 में समान पद पर पाँच वर्ष की नियमित सेवा या उसके समतुल्य सेवा।

(iii) बजट/वित्त/लेखा में दो वर्षों का कार्य-अनुभव

(iv) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को आयु-56 वर्ष से कम।

ख. लेखा अधिकारी (जूनियर ग्रेड) के पद के लिए पात्रता की शर्तें:

(i) केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/पीएसयू के अधिकारी

(ii) केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्त संगठन/पीएसयू में 05 वर्ष की नियमित सेवा के साथ बेतन लेबेल 6 और 7 में समकक्ष पद या सहायक के पद पर कार्य किया हो.

(iii) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी. कॉम की डिग्री या चार्टर्ड एकाउंटेंट या इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एंड वर्क्स अकाउंट्स, एसएएस, फाइनेंस एनालिस्ट, सबऑर्डिनेट अकाउंट्स सर्विस से आईसीडब्ल्यूए कोर्स किया हो।

(iv) कंप्यूटर और एकाउंट्स सॉफ्टवेयर का कार्यसाधक ज्ञान रखता हो।

(v) बजट/वित्त/लेखा में दो वर्ष का कार्य का अनुभव।

(vi) आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से कम आयु हो।

नोट: विभागीय अधिकारी (ICMR कर्मचारी) प्रतिनियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे और इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति के पात्र नहीं होंगे।

<u>आवेदन कैसे करें</u>

1. इच्छुक और पात्र अधिकारी निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन (आईसीएमआर https://main.icmr.nic.in पर उपलब्ध) <u>28.02.2023</u> तारीख पर या इससे पहले प्रस्तुत कर सकते हैं।
2. आवेदन को अग्रेषित करते समय नियंत्रक प्राधिकारी को आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज भी भेजने चाहिए:-
   क) सतर्कता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र, सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र एवं इंडोर्समेंट ।
   ख) पिछले 5 वर्षों अर्थात् वर्ष 2017-18, वर्ष 2018-19, वर्ष 2019-20, वर्ष 2020-21 और वर्ष 2021-22 के एपीएआर की सत्यापित प्रति।
3. **अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले अथवा अपूर्ण आवेदन अथवा उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।**
4. अल्पसूची वाले उम्मीदवारों को ही आईसीएमआर मुख्यालय, नई दिल्ली में दी गई तारीख और समय पर साक्षात्कार (ऑफलाइन/ऑनलाइन) के लिए बुलाया जाएगा। व्यक्तिगत चर्चा में उपस्थित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता का भुगतान नहीं दिया जाएगा।
5. प्रतिनियुक्ति के संबंध में डीओपीटी द्वारा जारी दिशा-निर्देश लागू होंगे।

6. उपर्युक्त पद (पदों) के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को, बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
7. सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से प्रशासनिक आवश्यकताओं के हित में चयनित उम्मीदवारों को प्रारंभ में तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति/आईएसटीसी के आधार पर नियुक्त किया जाएगा।
8. उम्मीदवारों को स्पष्ट रूप से उस पोस्ट कोड का उल्लेख करना चाहिए जिसके लिए वे आवेदन कर रहे हैं। एकाधिक पोस्ट कोड भी स्वीकार्य हैं।

राजेश 13/01/23

सहा. महानिदेशक (प्रशा.)
दूरभाष संख्या 011-2658694

वी. रामलिंगस्वामी भवन, पोस्ट बॉक्स नं. 4911,
अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110 029, भारत
V. Ramalingaswami Bhawan, P.O. Box No. 4911,
Ansari Nagar, New Delhi - 110 029, India
Tel: +91-11-26588895 / 26588980 / 26589794
+91-11-26589336 / 26588707
Fax: +91-11-26588662 | icmr.nic.in